समाचार

# कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त ने किया दर्री बराज सड़क का निरीक्षण, आज से ही मरम्मत का कार्य प्रारंभ

## (नवीन सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव तत्काल तैयार किए जाने के दिए निर्देश)



कोरबा 20 जून 2021 –कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देश पर आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने दर्री बराज सड़क का निरीक्षण किया तथा आयुक्त श्री शर्मा के द्वारा दिए गए सख्त निर्देश पर निगम द्वारा दर्री बराज सड़क के मरम्मत का कार्य आज से ही प्रारंभ कर दिया गया, वहीं आयुक्त श्री शर्मा ने उक्त सड़क के नवीन निर्माण हेतु प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि नगर निगम दर्री बराज सड़क के मरम्मत का कार्य करा रहा है, किन्तु वर्षा ऋतु के इन तीन–चार महीनों में तत्कालिक रूप से मरम्मत की गई उक्त सड़क के संधारण का कार्य सिंचाई विभाग करेगा ताकि उक्त सड़क पर आवागमन निर्वाध रूप से होता रहे। उन्होने कहा कि इस हेतु सिंचाई विभाग आवश्यक संसाधन व मानव बल की तैनाती सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज नगर निगम कोरबा व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मेजर ध्यानचंद चौक से आगे दर्री बराज पुल स्थित सड़क का निरीक्षण किया, सड़क पर बडे–बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है। आयुक्त श्री शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए दर्री बराज सड़क के मरम्मत का कार्य आज से ही प्रारंभ किए जाने एवं तीन–चार दिनों के अंदर इस कार्य को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए, जिसके परिपालन में मौके पर उपस्थित निगम के अधिकारियों ने सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने मौके पर उपस्थित सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री एन.एस.चन्द्राकर एवं अनुविभागीय अधिकारी एस.एन.साय से कहा कि निगम द्वारा मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, मरम्मत के पश्चात बरसात के तीन–चार महीनों में उक्त सड़क के संधारण व देखरेख का कार्य सिंचाई विभाग करेंगा, इस हेतु वे आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

<u>आवासगृहों के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दें</u>– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 2784 आवासगृहों का निर्माण दादरखुर्द में कराया जा रहा है, इन आवासगृहों में एक हाल, एक बेडरूम, किचन, लेट–बाथ के साथ ओपन बालकनी बनाई गई है तथा आवासगृहों के परिसर में उद्यान पार्किंग

आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। आज आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों के साथ उक्त आवासगृहों का निरीक्षण किया, आवासगृहों के अंदर का जायजा लेकर कार्यो की गुणवत्ता को देखा एवं निर्मित आवासगृहों में की गई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर किए जाने, बिजली, पेयजल संबंधी कार्यो को भी त्वरित रूप से पूरा कराने तथा संसाधनों को बढ़ाकर निर्माणाधीन आवासगृहों के कार्य में तेजी लाकर एक–दो माह के अंदर सभी कार्यो को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

मानिकपुर पोखरी का किया निरीक्षण– आयुक्त श्री शर्मा ने मानिकपुर बस्ती के समीप स्थित पोखरी का निरीक्षण किया तथा पोखरी के विकास, सौदंर्यीकरण व उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने संबंधी संभावनाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने आयुक्त श्री शर्मा को बताया कि पूर्व में इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराया गया था, जिसमें स्पोर्ट्स जोन, बोटिंग एक्टिविटी, पब्लिक जोन, फूड जोन, पार्किंग जोन हर्बल जोन, कैम्पिंग, साईकिल ट्रेक, आर्चरी, वाकिंग ट्रेक, नेचुरल ट्रेक, फाउण्टेन, गार्डन, गजेबो, ओपनजिम, ट्री हाउस, लाईटिंग आदि के साथ विभिन्न सौदंर्यीकरण  संबंधी कार्य शामिल किए गए थे। आयुक्त श्री शर्मा ने पूर्व में बनाए गए उक्त प्रस्ताव पर आगे की कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उक्त पोखरी को एक अच्छे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

एस.बी.एस.कालोनी में सफाई के निर्देश– भ्रमण के दौरान आयुक्त शर्मा ने एस.ई.सी.एल.कोरबा क्षेत्र की एस.बी.एस.कालोनी में सड़क के किनारे अनेक स्थानों पर कचरे की डम्पिंग को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एस.ई.सी.एल. प्रबंधन को कालोनी में तत्काल सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, नियमित रूप से साफ–सफाई करने व कचरे का तुरंत उठाव किए जाने के संबंध में नोटिस दें तथा तत्काल सफाई कार्य कराने को कहें।

भ्रमण के दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, सिंचाई विभाग के अधीक्षण एन.एस.चन्द्राकर, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, सिंचाई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एस.एन.साय, सहायक अभियंता योगेश राठौर, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार, आकाश अग्रवाल, सोमनाथ डहरे आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।